Class - 2
Subject - HINDI COURSE BOOK
पाठ – 6 सुन्दर मोर

शब्दार्थ

मनहर	–	मन को खुश करने वाला
सूरत	–	शक्ल
न्यारी	–	अलग, अनोखी
संदेशा	–	खबर, सूचना
पक्षी–राज	–	पक्षियों का राजा
बरखा	–	बारिश, वर्षा

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. यह कविता किसके बारे में है?

उत्तर यह कविता मोर के बारे में है।

ख. मोर की सूरत कैसी होती है?

उत्तर मोर की सूरत प्यारी होती है।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए :–

क. मोर झूम–झूमकर कब आता है?

उत्तर जब आसमान में काले बादल छाते हैं तब मोर झूम–झूमकर आता है।

ख. मोर पंख फैलाकर कब नाचता है?

उत्तर मोर पंख फैलाकर तब नाचता है जब बादल घिर जाते हैं और वर्षा होती है।

ग. मोर के सिर पर क्या होता है?

उत्तर मोर के सिर पर सुंदर ताज होता है।

4. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :–

जब हैं बादल घिर–घिर आते

पंख फैला तुम नाच दिखाते

बरखा का संदेशा लाते

सबके मन को हो हरषाते।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. कौन–सा पक्षी नाचता है?

✓ मोर	कौआ	कोयल

ख. मोर के पंख कैसे होते हैं?

लाल	हरे	✓ सुंदर

ग. मोर को क्या कहा जाता है?

मनहर	✓ पक्षी–राज	गण–राज